

# त्यौहारों को लेकर हुई थाना प्रभारियों की बैठक

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 सितम्बर.** ग्वालियर एडिशनल एस पी (पूर्व यातायात) श्रीमती विदिता डागर द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रूम सभागार में अपने विभाग के समस्त थाना प्रभारियों की त्योहारों पर कानून एवं शांति व्यवस्था तथा लंबित अपराधों के संबंध में बैठक ली गई। बैठक में सीएसपी महाराजपुरा नागेन्द्र सिंह सिकरवार, सीएसपी मुरार अतुल कुमार सोनी, सीएसपी विश्वविद्यालय हिना खान, एसडीओपी बेहट मनीष यादव, डीएसपी महिला सुरक्षा शिखा सोनी सहित अनुभाव के समस्त थाना प्रभारी मौजूद रहे।

**त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र में निरंतर पैदल भ्रमण, दुर्गा पंडालों और गरबा स्थलों पर पुलिस की चौकस व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए गए**



श्रीमती विदिता डागर, द्वारा मुरार, महाराजपुरा, विश्वविद्यालय और बेहट अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारियों और थाना प्रभारियों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें थानावार लंबित अपराधों की समीक्षा की गई और लंबित अपराधों के यथाशीघ्र निराकरण हेतु गंभीरता से प्रयास करने के निर्देश दिये। बैठक में अति. पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों को आगामी त्योहारों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पुलिस की चौकस व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी थाना प्रभारी देर रात तक अपने बल के साथ फील्ड में उपस्थित रहकर लगातार भ्रमण करेंगे और दुर्गा प्रतिमाओं के पण्डालों और गरबा स्थलों के आसपास पेट्रोलिंग करें साथ ही गरबा कार्यक्रम संचालकों से सत्त संपर्क बनाए रखें और कार्यक्रम स्थल के आसपास विशेष निगरानी रखकर असामाजिक तत्वों की चेकिंग करायें।

बैठक में अति. पुलिस अधीक्षक ग्वालियर पूर्व ने कहा कि मैं हूं अभिमन्यु एक प्रदेश-व्यापी जागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है इसलिए अनुभाग के समस्त थाना प्रभारीगण अभियान के दौरान स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थानों तथा सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित करें।



## जेयू : इंटर यूनिवर्सिटी सेंट्रल जोन यूथ फेस्टिवल के लिए चयन 29 व 30 को

ग्वालियर। 39वां एआईयू इन्टर यूनिवर्सिटी सेंट्रल जोन यूथ फेस्टीवल दिनांक 25 से 30 नवम्बर 2025 को एमजीएम विश्वविद्यालय छत्रपति संभाजी नगर महाराष्ट्र की संगठन व्यवस्था में आयोजित किया जा रहा है।युवा उत्सव में 27 विधाएं आयोजित की जाएंगी। उक्त युवा उत्सव की विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विधाओं में भागीदारी करने हेतु विश्वविद्यालय दल का चयन दिनांक 29 एवं 30 सितम्बर 2025 को प्रात: 10-30 बजे से गालव सभागार में सम्पन्न किया जाएगा। छात्रों को आवेदन के साथ 10वीं कक्षा की मार्कशीट, परिचय पत्र, प्रवेश शुल्क की रसीद एवं आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। उक्त युवा में छात्र छात्रा की आयु 25 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।इस युवा उत्सव में भाग लेने हेतु जीवाजी विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र छात्राएं नियमानुसार चयन प्रकिया में अपना ऑडीशन देने आ सकते हैं। 29 सितंबर को एकल गायन शास्त्रीय, एकल गायन सुगम, शास्त्रीय एकल वादन ताल एवं स्वर वाद्य, एकल गायन पाश्चात्य, मिमिक्री, स्किट, ऑन द स्पॉट पेंटिंग एवं पोस्टर मेकिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 30 सितंबर को एकल नृत्य शास्त्रीय, एकल नृत्य फॉक, वक्तृत्वकला हिन्दी, वक्तृत्वकला अंग्रेजी, प्रश्नमंच, कार्टूनिंग, रंगोली एवं क्ले मॉडलिंग की चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।

## कन्याओं को कराया भोजन



ग्वालियर। इंटरनेशनल लॉयस क्लब आर्यन प्रांत 3233 ई-1 द्वारा मांडरे की माता मंदिर परिसर में कन्याओं को भोजन व बिस्कुट बालों में लगाने की हेयर बैंड आदि वितरित किया गया। अध्यक्ष किरण सोनी, सचिव नूपुर गोयल, ट्रेसरार कल्पना जैन, एमजेएफ लाइन डॉक्टर मीरा जैन, भावना और सहज ढींगरा कार्यक्रम में उपस्थिति रही। माता रानी के दिनों में कन्याओं की सेवा करके सभी को परम आनंद की अनुभूति होती है।

# दिल की सेहत है जीवन की सबसे बड़ी पूँजी : डॉ . आदित्य

**ग्वालियर 28 सितम्बर.** जब भी हृदय रोग के आधुनिक उपचार और संवेदनशील देखभाल की बात होती है, तो ग्वालियर का नाम डॉ. आदित्य जैन के बिना अधूरा है। अपने अनुभव और रोगियों के प्रति समर्पण के कारण वे आज ग्वालियर के जाने-माने कार्डियोलॉजिस्ट माने जाते हैं।डॉ. आदित्य जैन बताते हैं कि - हृदय रोग से बचाव केवल दवाइयों से नहीं बल्कि स्वस्थ जीवनशैली से संभव है। यदि लोग संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर जांच करवाने की आदत डालें, तो हृदय रोग का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है। डॉ. आदित्य जैन के अनुसार हृदय की सुरक्षा के लिए - रोजाना व्यायाम और योग करें, पौष्टिक आहार लें, तेलीय-भारी भोजन से बचें विश्व हृदय दिवस पर डॉ. आदित्य जैन का संदेश दिल की देखभाल सबसे बड़ा निवेश है। अपने हृदय को स्वस्थ रखिए, क्योंकि स्वस्थ हृदय ही खुशहाल जीवन की गारंटी है।

# हृदय की सुरक्षा ही जीवन की प्राथमिकताएं : डॉ . धारा सिंह

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 सितम्बर.** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर लोगों को यह याद दिलाया जाता है कि हृदय की देखभाल सबसे महत्वपूर्ण है। हाल के वर्षों में यह पाया गया है कि हृदय रोगों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है और कम उम्र के लोगों में भी इनका प्रभाव देखा जा रहा है। चिकित्सकीय रिपोर्टों के अनुसार, असंतुलित भोजन, धूम्रपान, शराब सेवन और तनाव जैसी आदतों को हृदय रोगों के प्रमुख कारणों के रूप में चिन्हित किया गया है। इसी कारण से विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी जाती है। यह भी देखा गया है कि नियमित व्यायाम करने वालों में हृदय संबंधी बीमारियों की संभावना कम होती है। वहीं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने से बीमारियों का पता शुरुआती अवस्था में लगाया जा सकता है। विश्व हृदय दिवस पर यह संदेश दिया जाता है कि हृदय की सुरक्षा केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज में स्वास्थ्य चेतना बढ़ाने की भी आवश्यकता है। संतुलित आहार, योग, ध्यान और धूम्रपान से दूरी को स्वस्थ हृदय के लिए उपयोगी उपायों के रूप में माना गया है।






ग्वालियर। शहीद भगत सिंह की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस सहित अनेक संगठनों ने आज सुबह उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया














| MODEL | 125 NEON | 125 CF | NS 125 | N160 |
|---|---|---|---|---|
| 100% GST लाभ | ₹7 161/-* | ₹8 034/-* | ₹9 274/-* | ₹11 640/-* |
| PF + इंश्योरेन्स सेविंग्स | ₹2 600/-* | ₹2 900/-* | ₹3 300/-* | ₹4 200/-* |
| हैट-ट्रिक सेविंग्स | ₹9 761/-* | ₹10 934/-* | ₹12 574/-* | ₹15 840/-* |

10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | HDFC BANK | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से मान्य. कुल सेविंग्स में शामिल है 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले RTO टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी, और 1 साल का ओन डैमेज इंश्योरेन्स. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फ़ायनान्सर/ इंश्योरेन्स-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. 5 वर्ष की स्टैण्डर्ड वॉरंटी + 5 वर्ष की विस्तारित वॉरंटी @ ₹999/-. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, नियंत्रित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gwalior: Tansen Marg** TIRUPATI BAJAJ-9522226003 • **OM Advance Bajaj,Nawab sahab ka kua,Shinde ki Chawani** 9109102382, **Om Advance,Ankita Towers,Naka Chandra Wadni,Sakhiya Vilas**-9109102385 **Om Advance bajaj,City Centre**-9109102384, **Om Advance bajaj,Jhansi Road Datia**-9109170765, **Morena** Kamadgiri BAJAJ 9329399165 • **Shivpuri** KK BAJAJ 9425156633 • **Bhind Shankar Motors** 8717894211.